तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025




11 सीईओ प्रखर ने पीएम आवास योजना का का किया निरीक्षण



12 मनरेगा की आजीविका डबरी बनी कमाई का...



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मैनपुर।** देवभोग थाना क्षेत्र के गिरसूल के आश्रित ग्राम बागगोडा में 27 वर्षीय यशवंत ध्रुव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच -130 के किनारे नीम के पेड़ पर लटका मिला। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।



यशवंत ने दोपहर 12:19 बजे व्हाट्सऐप स्टेटस पर वैततल संस व लिवन लिखकर अपना आखिरी संदेश छोड़ा था। कुछ घंटों बाद लगभग 3 बजे उसका शव पेड़ पर देखा गया। स्टेटस से साफ है कि युवक किसी गहरे मानसिक तनाव से गुजर रहा था ग्रामीणों और परिजनों ने शव देखकर तुरंत देवभोग पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी देवभोग फैजुल होदा शाह के अनुसार घटनास्थल से पंचनामा, मोबाइल स्टेटस व कॉल डिटेल, पेड़ की स्थिति और जमीन के निशान सहित आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। छह साल पहले पिता की मौत के बाद यशवंत ही घर का सहारा था। पीछे विधवा मां और चार बहनें हैं, जो घटना के बाद से बेसुध रो रही हैं। पुलिस मामले की जांच जारी है।

### कबड्डी चैंपियनशिप के लिए राजिम में चयन ट्रायल कल

**राजिम।** 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे राजिम के रानी धर्मशाला में 25वीं राज्यस्तरीय सीनियर व जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये जिला कबड्डी संघ द्वारा चयन ट्रायल प्रतियोगिता होगी। जिसमें पुरुष व महिला वर्ग खिलाड़ी भाग ले सकते है।



इस प्रतियोगिता में चयनित सीनियर खिलाड़ी कोरबा व जूनियर खिलाड़ी भाटापारा में जिला कबड्डी टीम भाग ले सकेंगे। यह जानकारी देते हुए कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि सीनियर पुरुष वर्ग में 85 किलोग्राम व महिला वर्ग में 75 किलोग्राम से कम तथा जूनियर बालक वर्ग में 75 किलोग्राम जन्मतिथि 18 .01.2006 या उसके बाद का व बालिका वर्ग में 65 किलोग्राम जन्मतिथि 28 .12.2005 या उसके बाद का होना अनिवार्य है। कबड्डी मैंट में आयोजन किया जायेगा। सभी को आधार कार्ड व फोटो, जन्मप्रमाण पत्र की कापी लाना अनिवार्य है। भाग लेने वाले खिलाड़ी संघ के अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिव त्रिलोक पारकर, कोषाध्यक्ष राजेश धीवर, उपाध्यक्ष शरद पारकर, पूरन यादव, डायमंड साहू, राघवेंद्र ध्रुव, कैलाश साहू, हरिश्चंद्र निषाद, चित्रलेखा नागेश से सम्पर्क कर सकते है।

# 35-35 लाख के अतिरिक्त स्कूल भवन का निर्माण धीमा, 2 महीने बाद भी प्रगति शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी और पेंड्रा में शासन द्वारा अतिरिक्त भवन के लिए लगभग 35-35 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इसका भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक द्वारा 25 सितंबर को किया गया था, किंतु 2 महीने के पश्चात आज भी दोनों जगह के भवन में प्रगति नहीं दिख रहा है जिससे लगता है कि बच्चों को उनके भवन समय पर नहीं मिल पाएगा साथ ही साथ दोनों भवनों में किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगा है जिसमें यह पता चलता है कि यह भवन शासन के किस मद से स्वीकृत हुई है, कितने की हुई है, कब प्रारंभ हुआ है और कब तक इसे पूर्ण किया जाना है एवं कौन सा विभाग द्वारा उनके देखरेख की जा रही है जिससे अ सुविधा हो रही है, ज्ञात होगी हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी व हायर सेकेंडरी स्कूल पेंड्रा में छोटे-छोटे भवनो में हायर सेकेंडरी की कक्षाएं, प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष एवं अन्य प्रकार के संचालन किया जा रहा है जिसके लिए कक्षा की आवश्यकता थी साथ ही साथ इन स्कूलों में कभी बरामदों पर काफी छतों पर और कभी स्कूल के बाहर भी कक्षाएं लगाना पड़ता है। इन समस्याओं को देखकर शासन द्वारा दोनों स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष प्रदान किया गया है किंतु जिस गति से इन दोनों भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है इससे पता चलता है कि काम में नए सत्र तक भवनों को पूर्णता हो पाएगा और अभी वर्तमान में छात्र-छात्राओं को इन भवनों के किसी प्रकार की सुविधा मिलने की संभावना नहीं है।

## दोनों भवनों में किसी प्रकार का नहीं लगा है बोर्ड



### ठेकेदारों को निर्देश

इस संबंध में आरईएस विभाग के एसडीओ दिनेश नेताम ने कहा कि लेआउट देने के 6 महीने के अंदर भवन निर्माण पूर्ण किया जाना है। भवन निर्माण कार्य धीमी गति से हो रही है। इस संबंध में ठेकेदारों को निर्देश भी दिया गया है कि और निर्माण का कार्य में तेजी लाएं, समस्या यह हैं कि भूमि पूजन को लेकर 6 महीने के अंदर भवन का निर्माण करना है या लेआउट की तिथि भी स्पष्ट नहीं है इससे पता चलता है कि ठेकेदार द्वारा अपने मनमानी पूर्वक कार्य किया जाता है जिससे छात्र-छात्राओं सहित सभी लोगों को काफी परेशानी होती है।

## राहत : स्टांप और रजिस्ट्री पर बड़ी राहत, 20 दिसंबर से पूरे प्रदेश में लागू नई गाइडलाइन

# भूमि गाइडलाइन 2025-26 को मिली मंजूरी रजिस्ट्री में ढाई गुना अतिरिक्त भार समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राज्य शासन ने भूमि बाजार मूल्यांकन की नई गाइडलाइन 2025-26 को मंजूरी देकर आम जनता को बड़ी राहत दी है। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब परिवर्तित भूमियों पर लगने वाला ढाई गुना अतिरिक्त भार समाप्त कर दिया गया है। नई गाइडलाइन 20 दिसंबर 2025 से पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावी हो गई है। कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, रायपुर के अनुसार यह गाइडलाइन छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दर निर्धारण नियम 2000 के तहत जिला मूल्यांकन समितियों के प्रस्ताव पर आधारित है, जिसे केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने अनुमोदित किया है। पूर्व में सभी प्रकार की परिवर्तित भूमियों (व्यावसायिक, औद्योगिक, आवासीय) के मूल्यांकन में बाजार मूल्य का 2.5 गुना (ढाई गुना) बढ़ाकर मूल्यांकन किया जाता था। इससे भूमि का बाजार मूल्य अत्यधिक बढ़ जाता था, जिसके कारण स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क भी अधिक देना पड़ता था।




### भूमि मूल्यांकन अधिक वास्तविक होगा

स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क में बड़ी कमी आमजन, किसानों और संपत्ति खरीदारों पर आर्थिक बोझ घटेगा। जिला पंजीयक ने कहा कि अतिरिक्त ढाई गुना भार हटाकर सरकार ने जनता के हित में बड़ा निर्णय लिया है। नई गाइडलाइन से आगामी खरीद-फरोख्त में लोगों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा।

### ढाई गुना अतिरिक्त भार समाप्त

अब भूमि का मूल्यांकन केवल उसके स्वरूप के अनुसार सिंचित व असिंचित भूमि के लिए मुख्य मार्ग एवं अंदरूनी मार्ग के अनुसार हेक्टेयर की दर से मूल्यांकन राजिम तहसील के ग्राम कौंदकेरा की परिवर्तित भूमि (0.40 हेक्टेयर) का उदाहरण पुरानी गाइडलाइन 2019-20 में मूल्यांकन, मुख्य मार्ग दर 28,15,315 रुपये मूल्यांकन = 28,15,315 × 0.40 × 2.5 कुल बाजार मूल्य = 28,15,315 रुपये (ढाई गुना भार के कारण ज्यादा) नई गाइडलाइन 2025-26 में मूल्यांकन मुख्य मार्ग दर (सामान्य) 60,00,000 रुपये

मूल्यांकन 60,00,000 × 0.40, कुल बाजार मूल्य = 24,00,000 रुपये यानी बाजार मूल्य में 4,15,315 रुपये की सीधी कमी, जिससे स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क में लगभग 44,028 रुपये की बचत।

# बाइक की आपस में भिड़ंत दो युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

फिंगेश्वर मुख्य मार्ग पर गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कोमा गांव के पास हुआ, जहां दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों के आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतक व घायल तीनों ही ग्राम बोरसी के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिलें काफी तेज रफ्तार में थीं। जैसे ही वाहन कोमा मोड़ के पास पहुंचे, अचानक आमने-सामने टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर तक गिर पड़े, जबकि एक बाइक पर सवार 12 वर्षीय बालक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल राजिम थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची। दो युवकों को सिर में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घायल बच्चे की गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।



# जिले में बालिका गृह खोलने की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में बालिका संरक्षण और पुनर्वास के लिए बालिका गृह की मांग फिर जोर पकड़ गई है। गरियाबंद की महिला प्रतिनिधि मंडली ने आज महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा से मुलाकात कर जिला मुख्यालय में बालिका गृह खोले जाने की औपचारिक मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में बिंदु वर्मा, विनिता शर्मा, गुलेश्वरी ठाकुर, साक्षी कुटारे और बाल कल्याण समिति की सदस्य तथा सामाजिक कार्यकर्ता ताकेश्वरी (तनु) साहू शामिल थीं। प्रतिनिधियों ने 14 साल से जिले में बालिका गृह न होने की समस्या, आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों की स्थितियों और संवेदनशील मामलों में बालिकाओं को रायपुर भेजने में आने वाली कठिनाइयों का विस्तृत उल्लेख किया। ताकेश्वरी साहू ने आवेदन सौंपकर बताया कि जिले में शिक्षा छोड़ चुके, अनाथ, परित्यक्त, गरीब परिवारों के बच्चे और पॉक्सो पीड़िताएँ मानसिक और सामाजिक परेशानियों से जूझती हैं। रायपुर भेजे जाने से वे असहज हो जाती हैं और परिजन भी दूरी के कारण पहुंच नहीं पाते। महिला प्रतिनिधियों ने कहा कि गरियाबंद में बालिका गृह खुलने से बच्चों को सुरक्षित संरक्षण, त्वरित पुनर्वास और ⏭ शेष पेज 10 पर

# 25.50 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले के आबकारी टीम द्वारा कार्यवाही व सघन गश्त के दौरान वृत्त गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम नागाबुड़ा में अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ कार्यवाही किया गया। जिसमें आरोपीया दुरपत गुप्ता, पति संतोष गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी नागाबुड़ा थाना गरियाबंद के आधिपत्य से कुल 25.50 लीटर अवैध कच्ची महुआ मदिरा बरामद कर कब्जे में लिया गया तथा आरोपिया के विरूध्द छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री नागेशराज श्रीवास्तव, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री चंदलोल गायकवाड़, आबकारी आरक्षक श्री पिताम्बर चौधरी, नगर सैनिक संजय नेताम, मनीष कश्यप, महिला नगर सैनिक हेमबाई साहू, कामिनी सोनी वाहन चालक शैलेन्द्र कश्यप, गोवर्धन सिन्हा का विशेष योगदान रहा।


## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


## दीगर राज्यों से आने वाले अवैध धान परिवहन पर कसा शिकंजा

# एक माह में 38.90 लाख रुपए का 1255 क्विंटल अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले की पुलिस ने पिछले एक माह में दीगर राज्यों से आने वाले अवैध धान परिवहन और बिक्री पर सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 1255.05 क्विंटल धान जप्त कर 38 लाख 90 हजार 655 रुपये का माल संबंधित विभाग को सुपुर्द किया है। लगातार चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में कुल 32 प्रकरणों में 3007 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। दिनांक 11 दिसंबर 2025 को पुलिस ने दो अलग-अलग थानों की कार्रवाई में कुल 137 कट्टा अवैध धान जप्त किया। थाना छुरा के पुलिस दल ने मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट की ट्रैक्टर से ग्राम भैसादादर (ओडिशा) से ग्राम छतरमडई की ओर ले जाए जा रहे 70 कट्टा (28 क्विंटल) धान, जिसकी कीमत 86 हजार 800 रुपये है, को पकड़कर जप्त किया। वहीं थाना देवभोग पुलिस ने बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 लीडब्लू 7667 से ग्राम अमाड़ (ओडिशा) की ओर से परिवहन किए जा रहे 67 कट्टा (26.8 क्विंटल) धान, कीमत 83 हजार 080 रुपये, को जब्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया। दोनों कार्रवाईयों में कुल 54.8 क्विंटल धान की कीमत 1 लाख 69 हजार 880 रुपये आंकी गई। पिछले एक माह में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 28 चारपहिया वाहनों में भरा धान तथा 4 लावारिस मामलों को मिलाकर कुल 3007 कट्टा, वजन 1255.05 क्विंटल अवैध धान बरामद किया गया, जिसकी कीमत 38 लाख 90 हजार ⏭ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### आवारा कुत्तों की आतंक से ग्रामीण दहशत में

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के ग्राम नर्रा में आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण दशहत में हैं। ग्राम के ग्रामीण दुकालू राम पटेल ने बताया कि आवारा कुत्ते के हमले से पांच से सात लोग घायल हो चुके हैं। ये आवारा कुत्ते गली-मोहल्ले व सड़क किनारे के अलावा होटलों के आसपास मंडराते रहते है। चाहे बुजुर्ग हो या बच्चे को अचानक हमले कर काट रहे है, इससे ग्रामीण दशहत में है। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए नजदीक के खरियार रोड नुआपाड़ा ओडिशा ले जाया गया। वहीं उपस्वास्थ्य केंद्र नर्रा में एंटी-रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। इससे उपचार के लिए खरियार रोड नुआपाड़ा जाना पड़ता है।

### परकोम में मानस गान महोत्सव कल से

**नर्रा।** ग्राम परकोम में दो दिवसीय मानस गान महोत्सव 13 व 14 को आयोजित किया गया है। जिसमें आमंत्रित मानस मंडली सुमधुर प्रस्तुति देंगे। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर, अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, सचिव भोजराम पटेल आदि ने बताया कि यह मानस गान महोत्सव का 12 वां वर्ष होगा। जिसमें छग के विभिन्न जिले की मानस मंडलियां शामिल होंगी, जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### अर्धवार्षिक परीक्षा हुई प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा का संचालन एक पाली में की जानी है। परीक्षा बोर्ड पैटर्न में आयोजित की गई। समस्त छात्र छात्राएं पूरे तीन घंटे तक उत्तर लिखते रहे। प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने परीक्षा के दौरान समस्त कमरों का बारीकी से निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं से प्रश्नों को अच्छे से समझकर उत्तर लिखने के लिए प्रेरित किया। कमरों में बैठक व्यवस्था बोर्ड परीक्षा प्रभारी व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे, कुलेश्वर सिंह ठाकुर एवं परस राम सिन्हा ने मिलकर किया। परीक्षार्थियों की उपस्थिति 98 प्रतिशत रही। परीक्षा 8 कमरों में संचालित हुई। विद्यालय के समस्त स्टॉफ व्याख्याता आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, आशीष कुमार दीवान, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव शामिल रहे।

**जायजा:** सेंट्रल एसी, वाई-फाई कनेक्शन और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

# कलेक्टर ने सेंट्रल लाइब्रेरी का किया निरीक्षण, शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



महासमुंद के हृदय स्थल में निर्माणाधीन सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान उपस्थित कार्यपालन अभियंता गृह निर्माण मंडल, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला ग्रंथपाल एवं अन्य अधिकारियों को ग्रंथालय के समुचित व सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने केंद्रीय ग्रंथालय के संचालन के लिए नयी समिति का गठन के साथ साथ समुचित संचालन के लिए अन्य समितियों जैसे क्रय समिति, प्रचालन समिति, भर्ती समिति आदि के निर्माण के लिए जिला ग्रंथपाल को निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन में केंद्रित एसी की व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए शौचालय की सुविधा, वाई-फाई कनेक्शन, कंप्यूटर कमरा के साथ साथ ग्रंथालय के सुरक्षा के मद्देनजर गार्ड रूम निर्माण की बात कही। समिति में कलेक्टर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। ग्रंथालय का नोडल प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर महासमुंद होंगे। जबकि, अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था, भर्ती जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी समिति के सदस्य सचिव होंगे। साधारण समिति, शिकायत समिति, कार्यकारिणी समिति, वित्तीय समिति आदि के रूप में समितियां गठित की जाएगी। जिसके माध्यम से ग्रंथालय का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर ने भवन में अन्य आधारभूत अधोसंरचना के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। ग्रंथालय में साप्ताहिक एवं मासिक पत्र-पत्रिका के अलावा संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, व्यापम के साथ साथ अन्य परीक्षाओ से संबंधित पुस्तकों की खरीद के साथ साथ साहित्यिक किताबों की भी खरीदी समिति के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए पुस्तकों की मांग आधारित सूची का अनुमोदन क्रय समिति से लेकर पुस्तक खरीदी हेतु नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि जिला मुख्यालय में केंद्रीय ग्रंथालय के अतिरिक्त शासकीय जिला ग्रंथालय संचालित है, जिसका संचालन भी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा किया जा रहा है। ग्रंथालय का संचालन आठ-आठ घंटे के दो पालियों में किया जाएगा। सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रातःकालीन स्लॉट जबकि दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे तक सायंकालीन स्लॉट निर्धारित रहेगी। ग्रंथालय में वाचनालय की भी सुविधा होगी, जो पूर्णतः निशुल्क रहेगा, कोई भी पाठक वाचनालय में दैनिक पत्र-पत्रिका, अखबार आदि का पाठन कर सकेंगे जबकि ग्रंथालय का संचालन केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पंजीकृत विद्यार्थियां के लिए होगी। सदस्यता आदि हेतु नियमावली का निर्धारण साधारण सभा समिति के माध्यम से की जाएगी। ग्रंथालय पूर्णतः स्ववित्तपोषित होगी। भवन के बने 13 दुकानों एवं कैफेटेरिया के किराया से ग्रंथालय का संचालन प्रस्तावित है। साथ ही साथ धरोहर राशि एवं विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मासिक शुल्क से ग्रंथालय का संचालन होगा। ग्रंथालय में दो अनुभाग प्रस्तावित है, जिसमें बाल अनुभाग 15 वर्ष आयु के लिए जबकि ग्रंथालय अनुभाग में अन्य समस्त पाठक होंगे। सीनियर सिटीजन एवं स्थानीय साहित्यकार कोना एवं छोटे बच्चों के लिए चिल्ड्रन कॉर्नर का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रंथालय भवन में बने दुकानों को नीलाम करने के लिए एवं मासिक किराया निर्धारित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए हैं।

## शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर जनजाति खेलकूद स्पर्धा का आयोजन



**छुरा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस मनाया गया। 1856 के भीषण अकाल में जब जनता भूख से तड़प रही थी, तब उन्होंने अंग्रेज हुकूमत के विरुद्ध आवाज उठाई, गरीबों को अन्न बांटा और जनता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। वे न सिर्फ छत्तीसगढ़ के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे बल्कि जन-जन के सच्चे नायक थे। उनकी शहादत राष्ट्रभक्ति, त्याग और साहस का प्रतीक है हम सभी उनके विचारों और बलिदान को नमन करते हैं और संकल्प लेते हैं कि उनके दिखाएं रास्ते पर चलकर समाज और देश की सेवा करेंगे।भारत का आदिवासी समुदाय सदियों से अपने विशिष्ट जीवन शैली पारंपरिक ज्ञान ,सांस्कृतिक विविधता तथा प्रकृति के साथ सामंजस पूर्ण रिश्तो के लिए जाना जाता है। उनकी कलाओं, गीतों ,लोक कथाओं, रीति रिवाजो, पर्व त्यौहार एवं सामाजिक मान्यताओं में उनका इतिहास, नैतिकताएं एवं सामूहिकता की भावनाएं निहित है। अपनी सरलता स्थिरता और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के कारण ही आदिवासी समाज की जड़े भारतीय इतिहास और संस्कृति में गहरी नाता है छत्तीसगढ़ जैसे एक आदिवासी बाहुल्य राज्य जो अपनी सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय परंपराओं तथा प्राकृतिक संपदा के लिए प्रसिद्ध है। आदिवासी समाज न केवल इस भूमि की जड़ों के प्रतीक हैं बल्कि उनके जीवन शैली कलाऔर परंपराएं राज्य की विविधता और समृद्धि को समेटे हुए। इस अवसर पर जनजाति युवा खिलाड़ियों का जिला स्तरीय पुरुष वर्ग तीरंदाजी, कबड्डी, वालीबाल जनजाति ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम छुरा एवं खुडियाडीह में किया गया एवं राज्य स्तर के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिला गरियाबंद का प्रतिनिधित्व करेगी जो कि राज्य स्तरीय नारायणपुर में 24 25 एवं 26 दिसंबर 2025 को होगी। इस प्रतियोगिता का उपदेश उभरते हुए जनजाति खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रमुख रूप से जनजाति खेलकूद प्रमुख शीतल ध्रुव, संरक्षक छतर सिंह ठाकुर, शिव ठाकुर, नरेश ध्रुव, पुनीत ठाकुर, संतोष ठाकुर, विनय ठाकुर, डोमेशवर ध्रुव, पुराणिक नागेश, छतर सिंह धुव, लोमस ध्रुव, गौरव ध्रुव, दीपक ध्रुव, महेश ध्रुव, चंद्रन मरकाम, राजेश्वरी ठाकुर, देवश्री ध्रुव, सुजाता, यंतिका नेताम आदि का विशेष सहयोग रहा।

## रसेला में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ...





छुरा। ग्राम रसेला में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 24 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ में अतिथियों का स्वागत गायत्री परिवार के बहनों के द्वारा तिलक, चावल और पुष्प वर्षा कर किया जा रहा है साथ ही साथ भोजन भंडारे में भगवती देवी भोजनालय में क्षेत्र के लोग़ सेवा देकर सभी को भोजन करा रहे हैं एवं यज्ञ हवन में भाग लेकर यज्ञ कुंड की परिक्रमा कर रहे हैं। यहां पर यज्ञ के साथ-साथ विभिन्न संस्कार के कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है जिसमें विभिन्न संस्कार किया जा रहा है, साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग, सजल श्रद्धा,सजल प्रज्ञा, भव्य रंगोली, नशा विरोधी प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

## नीलकंठ ठाकुर ने बच्चों को बांटे चॉकलेट



छुरा। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के गरियाबंद जिला अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर के जन्मदिन के शुभ अवसर पर छुरा नगर शासकीय प्राथमिक शाला आदिवासी कन्या आश्रम के बीच पहुंचकर छात्र-छात्राओं को पेन व चॉकलेट वितरण कर खुशियां मनाई। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला सचिव शीतल ध्रुव, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी पुनितराम ठाकुर, रघुनाथ ठाकुर, दमेश साहू, शिक्षका योगेश्वरी बंजारे, हेमा चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में आश्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।सुबह से बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। नीलकंठ ठाकुर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी लोगों से मिले बधाई संदेश प्यार, दुलार और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया है।




## सूखा नदी किनारे अवैध ईंट भट्टा लगाने की तैयारी, किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



नगर के सूखा नदी के पास अवैध ईंट भटटा लगाने के चक्कर मे नगर के कतिपय नामजद लोगों ने सूखा नदी तट के पास लगभग 10 फीट गडढा खोद कर अवैध रूप से ईट भटठा लगाने के चक्कर में है जिसको लेकर नगर के किसानों ने आपत्ति व्यक्त करते हुए उक्त कार्य मे रोक लगाने के लिए फिंगेश्वर तहसीलदार को आवेदन दिया है। नगर के नेहरू साहू, प्यारेलाल धुरव, रमेश निषाद, बहादूर निशाद, नंद लाल ध्रुव, संजय कुमार चक्रधारी धनीराम सहित दर्जन भर किसानों ने बताया कि ग्राम गदहीडीह फिंगेश्वर कर्रा झाटी खार सूखा नदी पार को अवैध रूप से 10 फीट खुदाई कर गड्ढा कर देने से नदी का पानी बरसात में किसानों के 60-70 एकड़ खेतों में घुस जायेगा जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका रहेगी। वहीं पर नदी में पानी अधिक रही तो वह खेतों के माध्यम से बाढ़ का पानी बस्ती की ओर आगे बढ़ेगा जिससे जान माल को नुकसान होने की संभावना बनी रहेगी। यह गड्ढा पूरी तरह से नाजायज है जिसे ग्राम दर्रीपार जयचंद साहू, फिंगेश्वर के गोलू सतनामी एवं रामलाल चक्रधारी, कौशल पाड़े गदहीडीह एवं अन्य एक दो लोगों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है।उक्त स्थान शासकीय भूमि है। इस जमीन में गड्ढा खोदने के लिए किसानों के द्वारा मना किया गया है उसके बाद भी मनमानी करते हुए गड्ढा खोद दिया गया है। इस अवैध गड्ढे को पाटने एवं रोक लगाने के लिए फिंगेश्वर तहसीलदार को आवेदन दिया गया है। आवेदन पर कार्यवाही नहीं होने पर जिला हम सभी किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण हरिद्वार में हुआ आयोजन

**महासमुंद।** 5 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ से 150 प्रशिक्षार्थी सहित देश के 500 प्रशिक्षार्थी ने हिस्सा लिया। महासमुंद जिले के 5 सहयोग योग शिक्षकों मनकूराम रौतिया, केशव देवांगन, राजेंद्र वर्मा, संदीप पटले, बसंत साहू ने इस शिविर में भाग लेकर सफलतापूर्वक मुख्य योग शिक्षक की परीक्षा पास कर महासमुंद जिले को गौरवान्वित किया। साथ ही महासमुंद जिले के सक्रिय कार्यकर्ता मनकूराम रौतिया ने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का आजीवन सदस्य बनकर महासमुंद जिले का मान बढ़ाया। स्वामी रामदेव के अनुसार छत्तीसगढ़ योग में निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा जिस प्रकार से महासमुंद जिले में योग व महासमुंद जिले के योगी राज्य सहकारी तिलक साहू द्वारा संगठन को मजबूत किया जा रहा है, जिससे महासमुंद निरंतर योग में आगे बढ़ रहा है। स्वामी ने सभी को शुभकामनाएं व भविष्य में महासमुंद जिले में एक बड़ा योग शिविर करने का आश्वासन दिया है।

पेज 9 के शेष...

### जिले में बालिका...

परिवार से संपर्क में आसानी मिलेगी। उन्होंने भवन, प्रशिक्षित स्टाफ, काउंसलर, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर भी बल दिया। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री से बालिका गृह की त्वरित स्वीकृति की उम्मीद जताई है और कहा कि जिले की बालिकाएँ इस सुविधा का लंबे समय से इंतज़ार कर रही हैं।

### एक माह में...

655 रुपये है। इनमें थाना देवभोग, अमलीदर तथा छुरा की संयुक्त कार्रवाई शामिल है। कुल 32 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

**पुलिस दल लगातार वाहनों की निगरानी कर रहा-** सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन रोकने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चेकपोस्टों में तैनात पुलिस दल लगातार वाहनों की निगरानी कर रहा है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों के लिए निर्धारित केंद्रों में किए जाने का प्रावधान है। ऐसे में ओडिशा से चोरी-छिपे धान लाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। पकड़े गए वाहनों के चालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद धान को जब्त कर विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। बिना नंबर प्लेट वाली ट्रैक्टर पर थाना छुरा द्वारा एमवी एक्ट के तहत पृथक कार्रवाई की जा रही है। आज की कार्रवाई में बिना नंबर प्लेट की ट्रैक्टर तथा बोलेरो पिकअप सीजी 04 लीडब्लू 7667 को अवैध धान सहित जब्त किया गया। गरियाबंद पुलिस ने कहा है कि अवैध धान परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी कड़ाई से जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### 30 आवारा कुत्तों का हुआ वेक्सीनेशन

**फिंगेश्वर।** आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन कराने नगर पंचायत एवं पशुचिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी गलियो मे कर रहे है मेहनत। 30 आवारा कुत्तों का वेक्सीनेशन हुआ। आवारा कुत्तों का वेक्सीनेशन करने के उच्च न्यायालय के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर पूर प्रदेश में आवारा कुत्तों का पकड पकड़ कर वेक्सीनेशन करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीएमओ चंदन मानकर के निर्देशन में नगर पंचायत के कर्मचारी विभिन्न वार्डों में घूमघूम कर आवारा कुत्तों को पशुचिकित्सा विभाग के डाक्टरों से रेबिज का वेक्सीनेशन करा रहे हैं। फिंगेश्वर क्षेत्र के टिकरा पारा वार्ड, देवार पारा, नया बस स्टैण्ड, गौशाला के पास कुल 30 आवारा कुत्तों को चिन्हाकित कर वेक्सिनेशन किया गया। ज्ञात हो कि कुत्तों के काटने से लोगों को रेबीज जैसी गंभीर बिमारी का खतरा बना रहता है। वहीं पर आए दिन कुत्तों के काटने की शिकायत भी आम हो गई थी जिसको लेकर न्यायालय का पूरे देश में आदेश आया कि आवारा कुत्तों का राज्य सरकार वेक्सीनेशन कराए। राज्य मे किसी भी व्यक्ति की मौत रेबीज के कारण नहीं होने चाहिए।

### चयनित आरक्षक 13 को रक्षित केंद्र में होंगे उपस्थित

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 9 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित चयन सूची में जिला गरियाबंद के लिए चयनित सभी वर्गों के आरक्षक (जीडी) एवं आरक्षक ट्रेड (वाहन चालक) के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया की आगामी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के लिए सभी चयनित अभ्यर्थियों को 13 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे रक्षित केन्द्र गरियाबंद में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। इस दौरान अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन किया जाएगा, जिसके लिए अनुप्रमाणन (वेरिफिकेशन) फार्म भरना आवश्यक है। चरित्र सत्यापन को पूर्ण करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी आवश्यक मूल दस्तावेज तथा उनकी स्व-प्रमाणित प्रतियां अवश्य लानी होंगी। इन दस्तावेजों में 10वीं की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), एनसीसी प्रमाण पत्र, खेल उपलब्धियों से संबंधित दस्तावेज, रंगीन छह पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन आवेदन की पावती, फिजिकल एवं लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। दस्तावेजों की पूर्णता एवं समय पर उपस्थिति नियुक्ति प्रक्रिया की सुचारु प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। निर्धारित तिथि और समय में अनुपस्थित रहने पर भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। अतः सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशानुसार आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

### ब्लाक महिला खेलकूद के विजेताओं को विधायक साहू ने मेडल से किया पुरस्कृत

**अभनपुर।** विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता जीवोदया नगर खेल मैदान गातापार अभनपुर मे संपन्न हुआ जिसमे 9 से 18 व 18 से 35 आयु वर्ग के महिलाओ ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने प्रतिभागियो को मेडल देकर सम्मानित किया। 9 से 18 आयु वर्ग मे 400 मी की दौड़ मे प्रथम ईशा रानी सिन्हा अभनपुर,द्वितीय चमेली धुरव खोला,100 मीटर मे प्रथम चमेली धुरव खोला,द्वितीय चांदनी साहू,18 से 35 आयु वर्ग मे 400 मीटर मे प्रथम रेशमी धुरव,द्वितीय अंजना थनौद ,द्वितीय हेतल वर्मा ,18 से 35 वर्ग मे प्रथम शांता धुरव सेठ फु लचंद महाविद्यालय नयापारा रही।

**निरीक्षण :** पूर्व सांसद चंदूलाल ने किया रसेला पीएचसी का निरीक्षण, गायत्री महायज्ञ में हुए शामिल

# मानव जीवन की संपूर्ण प्रवृति उसके संस्कारों के अधीन है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को पूर्व सांसद व राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने रसेला पीएचसी पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पूर्व सांसद साहू ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की रखरखाव और साफ-सफाई की तारीफ करते हुए कहा कि रसेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर क्षेत्र में जबरदस्त सुधार हुआ है। और यहां फिश एक्वेरियम में रखें गाबुजिया मछली जो कि मच्छर का लार्वा खाती है, ऐसा एक्वेरियम मैंने कही नहीं देखा। साथ ही साथ ओपीडी की संख्या देखकर तारीफ़ की। और रसेला पीएचसी को राष्ट्रीय गुणवत्ता पुरुस्कार मिलने पर अस्पताल सहित पूरे स्टाफ की प्रशंसा की गई। साथ ही गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने खुद अपने बीपी का चेकअप कराया गया। पूर्व सांसद ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य विभाग की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, स्वच्छता, और अभिलेखों के रख रखाव का जायजा लेना था। यह एक रूटीन प्रक्रिया है जिसके माध्यम से सरकारी विभागों में अनुशासन और कार्यकुशलता सुनिश्चित की जाती है। निरीक्षण के दौरान डॉ. राहुल नेताम, कमलेश चक्रधारी, टेमन साहू, लक्ष्मी लाहिरी, ललिता ठाकुर, हेमबाई दीवान, फागलाल खुते, कृष्णा सिन्हा, धनंजय कुमार यादव, ज्योति सर्वा सहित सभी अधिकारी कर्मचारी वहां पर उपस्थित थे।



### गायत्री महायज्ञ का आज होगा समापन



इसी कड़ी में चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ रसेला में चल रहे आयोजन में तीसरे दिन पूर्व सांसद व गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल ने यज्ञ स्थल पहुंचकर मां गायत्री और परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व परम वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा की पूजा अर्चना कर यज्ञ में मंत्रोच्चारण के साथ आहूतिया डाली गई। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन की सम्पूर्ण शुभ और अशुभ प्रवृति उसके संस्कारों के अधीन है, जिनमें से कुछ वह इसी भव में संगति से प्राप्त संस्कार कुछ पूर्वोपाजित संस्कार, कुछ परम्परागत संस्कार, कुछ माता पिता द्वारा प्रदत्त संस्कार और कुछ गुरूप्रदत संस्कार होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार मिट्टी के कलश का अग्नि संस्कार करने पर उसमें जल धारण की योग्यता प्रकट हो जाती है, उसी प्रकार मानव सत संस्कारों से राजमान्यतादि गौरव को प्राप्त होता है। इसके साथ अध्यक्ष ने सरस्वती भोजनालय में जाकर प्रसाद ग्रहण किया गया। आज यानी शुक्रवार 12 दिसंबर को चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का अंतिम दिन होगा। प्रातः 6 बजे से 7. 30 बजे तक ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग, प्रातः 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं समस्त संस्कार और यहां पूर्णाहुति ( मातृ श्रद्धांजलि संकल्प) दोपहर 3 बजे से शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों की विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा, मलेवा अंचल भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलुराम यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता परमानंद यादव, कृष्णा गुप्ता, रोहित जगत, जगतराम यादव, कुलंजन साहू, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# सीईओ प्रखर ने पीएम आवास योजना का का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने ग्राम पंचायत सिहारलटी, मदांगमुड़ा, छैलडोंगरी, कांडेकेला एवं तौरेंगा में दिनांक 10 दिसम्बर को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाई-जी), प्रधानमंत्री जनमन योजना (पीएम-जनमन) तथा महिला मितान आवास योजना (एमएमएवाई) के आवासों का घर-घर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों और स्वयं सहायता समूह की बहनों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र आवास निर्माण प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्देश दिया कि वर्ष 2024-26 के सभी अप्रारंभ आवासों का कार्य एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किया जाए तथा छत स्तर तक पहुँच चुके आवासों में ढलाई कार्य भी एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाए। संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव, सरपंच तथा तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया कि आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री, सेंट्रिंग प्लेट तथा राजमिस्त्रियों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला तथा जनपद स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों को सतत निगरानी रखकर निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर, जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक तथा आवास मित्र उपस्थित रहे।

# वनांचल के कई गांवों में बुनियादी सुविधा का अभाव, 23 को करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसे साहेबिनकछार, नागेश, करलाझर, कोदोमाली क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुलभुत बुनियादी सुविधा पेयजल, बिजली, शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य उपलब्ध कराने की मांग को लेकर 23 दिसम्बर को मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है साथ ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल मैनपुर पहुंचकर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम को इस संबंध में ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन सौपने के बाद पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, आदिवासी नेता अर्जुन नायक, उपसरपंच हरिहर यादव, अशोक नेताम, गजेन्द्र नाग, ई”वर नाग, मनोज कुमार, सोपसिंह, भोलाराम, पवन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मैनपुर विकासखण्ड के साहेबिनकछार क्षेत्र के ग्रामीण लगातार आजादी के 78 वर्श बाद भी समस्याओ के समाधान के लिए संघर्श कर रहे है इस क्षेत्र में वि”ाश पिछड़ी जनजाति भुंजिया कमार आदिवासी निवास करते है बावजूद इसके समस्याओं से जुझ रहे है। ग्रामीणों ने बताया मुख्य मार्ग बम्हनीझोला से ओड़िशा सीमा तक पक्की सड़क निर्माण, इंदागांव में संचालित हो रहे साहेबिनकछार के छात्रवास को साहेबिनकछार में संचालित करने सभी ग्रामो में बिजली लगाने, अधुरे स्कूल को पूरा करने, शिक्षक नियुक्ति की मांग, ग्राम साहेबिनकछार में जीवो टावर चालु करवाने, उप स्वास्थ्य केन्द्र करलाझर में विद्युत एवं नलजल को प्रारंभ करवाने एवं अधुरे पड़े नलजल योजना को पूर्ण कराने की मांग को लेकर आंदोलन चक्काजाम करेंगे जिसके लिए सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# पार्टी से ऊपर कुछ नहीं जमीनी स्तर पर कार्य करने वालों को मिलेगी जिम्मेदारी : सुखचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



पार्टी संगठन से उपर कोई नही है जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने वाले कार्यकर्ताओं को ही अब जिम्मेदारी दिया जायेगा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुकचंद बेसरा ने कार्यकर्ताओं की बैठक में साफ-साफ नसीहत देते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी और पुरानी पार्टी है इसके कार्यकर्ता होना अपने आप में गर्व का विषय है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मैनपुर पहुंचे बेसरा का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा आत्मीयता से स्वागत किया गया पश्चात लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदु नेगी, टीकम कपिल, प्रेमसाय जगत के साथ पूरे ब्लॉक से बड़ी संख्या में पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा की कांग्रेस पार्टी में कोई गुट नहीं है सब पार्टी के लिए कार्य करते है और बूथ स्तर से लेकर ब्लॉक और जिला स्तर तक संगठन को मजबुत बनाने के लिए सबको मिल जुलकर कार्य करना है। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की आज मैनपुर में जिला अध्यक्ष श्री बेसरा पहुंचे है निश्चित रूप से इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबुत होगा। कार्यक्रम का संचालन गेंदु यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, खेदु नेगी, टीकम कपिल, प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, सोहन नागेश, सुकचंद ध्रुव, भुने”वर नेगी, तनवीर राजपूत, जाकिर रजा, डोमार साहू, खेलन साहू, लिकेश यादव, हरिशचंद नेगी, गज्जु नेगी, तुलसीराम नागेश, लोचन निर्मलकर, दुलेन्द्र नेगी, रामनाथ यादव, इमरान खान, निहाल नेताम, लोकनाथ साहू, गोरेलाल, शाहिद मेमन, केशव ध्रुव, महेश्वर बघेल, मेघराज बघेल, जीवन ध्रुव, दीनदयाल, तिलकराम, शंकरलाल ठाकुर, रामदास मरकाम, भुनेश्वर ध्रुव, निखिल नेताम, दुलेन्द्र नेगी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले के 90 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



गरियाबंद जिला कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं प्रखर चंद्राकर जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह के नेतृत्व में हाई एवं हायर सेकंडरी स्तर के गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि रखने वाले राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गरियाबंद जिले के 90 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने कहा कि शासन के मंशानुरूप बच्चों को अनुभव आधारित शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है जहां पर छात्रों में वैज्ञानिक ष्टिकोण, आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान जैसे कौशल विकसित करने के साथ प्राकृतिक दुनिया के प्रति जिज्ञासा जगाना और वैज्ञानिक ज्ञान और समझ को बढ़ाना है। जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह ने बताया कि छात्रों को विज्ञान की व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने में सक्षम बनाने के लिए विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने एवं सृजनात्मक को बढ़ावा देने के लिए अंतर जिला शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्था रायपुर, नालंदा परिसर रायपुर, आदिवासी संग्रहालय एवं शहीद वीर नारायण संग्रहालय का भ्रमण किया। सभी विद्यार्थी इस परिसर की अनुशासन, व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधा को देखकर काफी प्रभावित हुए जो विद्यार्थियों के लिए काफी जिज्ञासा को बढ़ाने के साथ साथ ज्ञानवर्धक रहा। विद्यार्थियों ने जाना कि कैसे वीर नारायण सिंह ने किसानों आम जनता और स्थानीय समुदायों को संगठित कर अंग्रेजी शासन का विरोध किया यह संग्रहालय विद्यार्थियों के लिए काफी प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह, नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा, अजय यादव, पूरन लाल साहू, कविता सिन्हा, संध्या ठाकुर, रुपिका रानी मरकाम, प्रीतम साहू, अमित साहू, विजय ठाकुर उपस्थित थे।

# पदोन्न्त प्राचार्यों का नगर विकास संघर्ष सेवा समिति ने स्वागत एवं सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



नगर विकास सेवा एवं संघर्ष समिति फिंगेश्वर के तत्वाधान में प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्राप्त कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव के प्राचार्य के आर निषाद तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा विकासखंड फिंगेश्वर के प्राचार्य एम आर रात्रे को पदभार ग्रहण पश्चात फिंगेश्वर में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर नगर विकास सेवा एवं संघर्ष समिति फिंगेश्वर के अध्यक्ष भागवत हरित उपाध्यक्ष रामू राम साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, शरद चतुर्वेदी, सचिव अशोक साहू, हर नारायण सूर्यवंशी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, अनिल चंद्राकर, किरण सोनी, नेमीचंद बंजारे एवं इमरान खान मनोज निषाद आदि पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य गण तथा जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज सर्कल जिड़ार ग्राम जिड़ार में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक जनक धुव ने पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर सुखचंद बेसरा जिलाध्यक्ष कांग्रेस, महेश बघेल, खेदुराम नेगी, टीकमसिंह कपिल, सुन्दर कपील, मुकेश कपील, सुखराम नागेश,मिलन मरकाम, देवीसिंह मरकाम, बीर सिंह मरकाम, केशव मरकाम, महेश धुंवा, लोकेश नागेश,दाऊराम, फुलचंद कपील, दुलेश्वरी नागेश, नीराबाई कपील, जगमोती, रूक्मणी, ताराबाई मरकाम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# फिंगेश्वर ब्लॉक में 31 तक चलेगा सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान, घर-घर होगी स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



फिंगेश्वर विकासखंड में 8 दिसंबर से सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य अमले की टीमें घर घर जाकर स्क्रीनिंग करेंगी और संभावित मरीजों की पहचान कर उपचार से जोड़ेगी। जिला नोडल अधिकारी कुष्ठ डा. लक्ष्मीकांत जांगड़े ने बताया कि कुष्ठ रोग की प्रारंभिक पहचान सबसे प्रभावी तरीका है।इससे मरीज को विकृति से बचाया जा सकता है। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता होमने ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक घर-घर पहुंचकर संभावित मरीजों की पहचान, जांच और पुष्टिकरण करेंगे। पुष्टि होने पर मरीजों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान में स्वास्थ्य टीमें त्वचा की संवेदना जांचकर रोग की पहचान करेंगी। विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कुष्ठ रोग के लक्षणों में त्वचा पर दाग या धब्बे जिनमें सुन्नपन हो, त्वचा का तांबिया, तेलिया दिखना, चेहरे पर चिकनाई और चमक, त्वचा में गांठें या मोटापन, आंख की पलकों का सामान्य रूप से बंद न होना, हाथ-पैर के तलवों में सुन्नपन और गर्म-ठंडा महसूस न होना शामिल हैं। खण्ड चिकित्साधिकारी डॉ. स्नेहलता होमने ने अपील की है कि गरियाबंद को कुष्ठ मुक्त जिला बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग दें। किसी भी शंका पर तुरंत स्वास्थ्य कार्यकर्ता या मितानिन से संपर्क कर सकता है।

## खबर संक्षेप



### बढ़ोना परंपरा से हुई फसल की पूजा

**राजिम।** राजिम क्षेत्र में इन दिनो धान कटाई का काम आखिरी और अंतिम चरण में चल रहा है। छोटे और मध्यम वर्गीय किसानो की फसल कट चुकी है जबकि बड़े किसानों का फसल कटाई अंतिम चरण में चल रहा है। बता दें कि फसल कटाई के आखिरी दिवस क्षेत्र के किसान बढ़ोना के रूप में खेत के किनारे में थोड़े से फसल को रोककर रखते है और उसकी पूजा अर्चना धूमधाम से करते है। इसे बढ़ोना कहा जाता है। इसके साथ ही कई गांव के खेतो में पटाखे भी फोड़ते है तथा मुर्रा और नारियल प्रसाद के रूप में बांटते है। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू फसल कटाई के आखिरी और अंतिम दिवस अपने खेत में पहुंचकर बढ़ोना के रूप में फसल की पूजा किया और मजदूरो को मुर्रा, नारियल प्रसादी के रूप में वितरण किया। यह परंपरा आज भी हर गांव के किसान मनाते है।

### टोकन व्यवस्था को सरकार सरल बनाएं : तेजराम विद्रोही

**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने किसानों से निवेदन किया है कि कोई भी किसान किसी भी स्थिति में



आत्मघाती कदम न उठावें। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि टोकन व्यवस्था को सरल बनावें और प्रतिदिन धान खरीदी सीमा को बढ़ाई जाए। कहा कि इस साल किसानों को अपनी खेती करने के लिए खासे परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बोनी के समय बीज व खाद की समस्या, फिर बीमारी और बेमौसम बारिश तथा जब फसल तैयार हुआ है तो बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन और टोकन की समस्या सामने आ रही है।

### तुमगांव में शीतला नवमंदिर निर्माण के लिए भक्तजनों में बड़ा उत्साह

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की आराध्य देवी मां शीतला का विशाल मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ है। जिसमें नगर के सभी भक्तगणों खुले मन से मंदिर निर्माण के लिए अपना सहयोग दे रहे हैं। नवविकास शीतला समिति द्वारा नगर के प्रमुख और सभी घरों में जाकर सहयोग मांगने अभियान चलाया जा रहा है।

## निधन

### बैसाखू राम ध्रुव

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कोरासी निवासी बैसाखू राम ध्रुव का निधन



गुरुवार को हो गया।जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।वे हरिभूमि संवाददाता तेजराम ध्रुव के पिता थे।

**समस्या :** कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर शौचालय निर्माण की जांच की मांग

# 3.30 करोड़ के सामुदायिक शौचालय 4 साल बाद भी अधूरे, पानी की कमी से ताले में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा गांव के ग्रामीणों को मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनेक योजनाओं के तहत लाखों करोड़ों रुपए उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में सरकार द्वारा मिलने वाले योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर ग्रामीणों को मिल रहा है या नहीं इसे देखने वाला कोई नहीं है जिसके कारण सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं से ग्रामीण वंचित हो रहे हैं और तो और संबंधित विभाग के अधिकारी और निर्माण एजेंसी आधे -अधूरे निर्माण कार्य कर शासकीय राशियों का आहरण कर अपनी जिम्मेदारियां की इतिश्री कर रहे हैं इन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को कितना मिल रहा है या नहीं यहां देखने वाला कोई नहीं है केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा ग्रामो को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के साथ साथ स्वच्छता के लिए जनपद पंचायत के माध्यम से मैनपुर विकासखण्ड के सभी ग्राम पंचायतो में भारी भरकम राशि खर्च कर 3-4 वर्ष पहले सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया है, शौचालय निर्माण के बाद भी इसका उपयोग चाह कर भी ग्रामीणों कों लाभ नहीं मिल पा रहा है और तो और अधिकांश शौचालय को बाहर से रंग रोगन कर चकाचक कर दिया गया है, जिससे देखने वाले को लगे की यह शौचालय का उपयोग किया जा रहा है लेकिन कोई भी सामुदायिक शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण इसका उपयोग आज तक नहीं हो पाया है, और तो और बाहर से चकाचक और पूर्ण दिखने वाले शौचालयों में ताला लगा हुआ है, और भीतर निर्माण कार्य अधुरा है, दर्जनों शौचालय में आज भी शौचालय सीट, प्लास्टर, पानी की सुविधा उपलब्ध नही करवाया गया है जिसके कारण इसका उपयोग नही हो रहा है स्वच्छ भारत मिशन योजना को इन सामुदायिक शौचालय में लगे ताले मुह चिढाते नजर आ रहे है साथ ही संबधित विभाग के अधिकारियों के पास इतना भी समय नही कि इन शौचालयों का एक बार निरीक्षण कर लिया जाये बगैर निरीक्षण किये ही शायद कागजो में मुल्यांकन और सत्यापन हो जाता है जिसके कारण करोडो रूपये आहरण के बावजूद शौचालय का लाभ नही मिल पा रहा है। एक तरह से स्वच्छ भारत मिशन योजना का संबधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पतीला लगा रहे है।

**सामुदायिक शौचालय को प्रारंभ कराने कांग्रेस नेता ने लिखा पत्र-** ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने सभी ग्राम पंचायतो में निर्माण किये गये लाखो करोड़ो की लागत से सामुदायिक शौचालय को प्रारंभ कराने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर को पत्र लिखकर मांग किया है कि शौचालय निर्माण के बाद आज तक प्रारंभ नही हुआ है अधिकांश शौचालय में ताला लटके हुए है। इन शौचालय निर्माण में शासन के लाखो करोड़ो रूपये खर्च किया गया है।





### पानी की व्यवस्था कराई जाएगी

जनपद सीईओ जनपद पंचायत मैनपुर के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बताया की ग्राम पंचायतों में जो सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है उसमें पानी की व्यवस्था कराई जायेगी और शौचालय को प्रारंभ करवाने पंचायतों को निर्देश दिया जायेगा।

### कई शौचालय के टाईल्स और दिवारे जर्जर

सामुदायिक शौचालय निर्माण के पीछे शासन की मंशा यह है कि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न करे हर पंचायत में इसीलिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण लाखो रूपये की लागत से किया गया है लेकिन आज 3-4 वर्षो बाद भी कई सामुदायिक शौचालय अधूरे पड़े हुए है मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड मैनपुर क्षेत्र को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए मार्च 2021 में लगभग तीन करोड़ 30 लाख रुपए की राशि जारी की गई है करोड़ों रुपए की लागत से मैनपुर जनपद पंचायत के 58 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जाना था प्रति शौचालय की लागत 03 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है और यहां शौचालय निर्माण कार्य 3 महीने के भीतर पूर्ण करना था लेकिन 04 वर्ष गुजर जाने के बाद भी मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा है विभिन्न ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण किया गया है लेकिन इसमें पानी का साधन नही होने के कारण बगैर उपयोग के ही कई शौचालय के टाईल्स और दिवारे जर्जर हो रही है जगह जगह उखडकर गिरने लगी है, यह सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के दावे की पोल खोल रही है। महज 25 -30 हजार रूपये खर्च कर शौचालयों को प्रारंभ किया जा सकता है। सामुदायिक शौचालय को संचालित करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने की जरूरत शासन, द्वारा सभी ग्राम पंचायतो में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है और महज 25 से 30 हजार रुपए और इस शौचालय निर्माण में पानी उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाये तो स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत निर्माण किए गए इन शौचालयों का उपयोग किया जा सकता है साथ ही इसके लिए संबंधित विभाग को ठोस कार्ययोजना बनाने की जरूरत हैं।

# गायत्री परिवार ने 15 बच्चों का जन्मदिवस संस्कार मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



गायत्री परिवार राजिम के मां भगवती महिला मंडल के बहनों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में 15 बच्चों का जन्म दिवस संस्कार मनाया गया जिसमें डिंपल चंद्रशेखर,नवीन ,वंदना ,तनमय ,नितिन, तेजस्वी, रामेश्वर, भावना, मीनू,लालिमा आदि बच्चे मुख्य रूप से शामिल रहे। गायत्री शक्ति पीठ राजिम के सहायक ट्रस्टी चंद्रलेखा गुप्ता द्वारा बच्चों को विविध शिक्षा एवं कहानी के माध्यम से जन्म दिन कैसे मनाना चाहिए पर विशेष प्रकाश डाला गया। सुबह दर्शन धरती मां को प्रणाम करना, सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीना, योग व्यायाम, माता पिता, बड़ों एवं गुरूओं को आदर कर प्रणाम करना सिखाया गया। सभी बच्चे एवं शिक्षको को युग निर्माण सत संकल्प पाठ भी कराया गया जिससे नव युग के लिए सच्चे और अच्छे मानव बने जिसे अपनाकर मनुष्य देवता बन जाय। आभार प्रदर्शन करते हुए संस्था प्रमुख नंदकुमार सिन्हा ने गायत्री परिवार राजिम की सराहना करते हुए सभी बच्चो एवं शिक्षको से अपने जन्मदिवस के अवसर पर अपने अंदर एक अच्छा आदत ग्रहण कर एक बुरी आदतें छोड़ने की अपील की। कहा कि ऐसे अवसरों पर पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में दीपा साहू, हेमलता साहू, इंद्रदेव दीवान, हेमलता ठाकुर, प्रीति देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# बिहान क्लस्टर भवन में दीदी के गोठ का सामूहिक श्रवण, स्वदेशी अपनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के रानीपरतेवा क्लस्टर भवन में गुरुवार को 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम के चौथे एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू,राजू साहू, पंकज निर्मलकर, संदीप पांडेय, बिहान समूहों की दीदियां एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि "बिहान समूहों की दीदियाँ गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। आपके कार्यों ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना ही सशक्त भारत का मार्ग है।"भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि "स्वदेशी अपनाना केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का संकल्प है। बिहान की दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्य ग्रामीण परिवारों की उन्नति का आधार बन रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत सभी उपस्थितों ने स्वदेशी अपनाने, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर रमन नामदेव, सोमन यदु, गुलशन सिन्हा, भगत सिन्हा, रामप्रसाद सांडिल्य, मुकेश साहू, धर्मेन्द्र यदु, गिरवर सिन्हा, पुनउ प्रजापति, खेलन सिन्हा, राकेश अडवांसी, रघुनाथ साहू, गोकुल निर्मलकर, कलस्टर अध्यक्ष गेसबाई ध्रुव, देववती ध्रुव, लेखपाल ओमप्रकाश साहू, सुभाष निर्मलकर सहित कलस्टर के 36 ग्रामों से आए बिहान दिदिया उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजनाओं में तेजी लाने सीईओ चंद्राकर ने किया मैनपुर ब्लॉक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जिला पंचायत गरियाबंद के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारलटी, मदांगमुड़ा, छैलडोंगरी, कांडेकेला एवं ग्राम पंचायत तौरेंगा में पीएम आवास योजना, पीएम-जनमन तथा एमएमएवाई आवासों का डोर टू डोर निरीक्षण किया। श्री चंद्राकर ने हितग्राहियों एवं स्व-सहायता समूह के दीदीयों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र ही आवास निर्माण कराने के लिए प्रेरित किया। जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2024-26 के समस्त आवासों को 01 सप्ताह के भीतर तक प्रारम्भ कराने व छत स्तर के आवासों को 01 सप्ताह के भीतर ढलाई कार्य पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सभी सम्बंधित ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच व तकनीकी सहायकों को आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, सेंट्रिंग प्लेट व मिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जिला व जनपद के अधिकारी, कर्मचारियों को निरंतर मॉनिटरिंग करने, निर्माणाधीन आवासों में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ, जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, जीआरएस व आवास मित्र उपस्थित थे।



### महान क्रांतिवीर वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया

**नवापारा-राजिम।** महान क्रांतिवीर वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर शहर के हृदय स्थल नगर पालिका के सामने वीरनारायण जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक इन्द्रकुमार साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, पार्षद नम्मू ध्रुव, धीरज साहू, मुकुंद मेश्राम शामिल थे।

# मितानिन दिवस पर खुटेरी में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम पंचायत खुटेरी में 08 दिसंबर को मितानिन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिनों के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए पंचायत परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सरपंच बेनीशंकर साहू सहित डालूराम निषाद, चितरंजन सेन, प्रह्लाद निषाद तथा पंचायत प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ग्राम की समर्पित मितानिनों अन्नपूर्णा, लक्ष्मी, सुनीता, टिकेश्वरी साहू, टीकेश्वरी निषाद, ऊषा साहू, संतोषी सोनी ,मो'गरा,कान्ति, लता, क्षेमन साहू, चम्पा तथा पुष्पा साहू को उनके सेवा-समर्पण के लिए श्रीफल और साल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मितानिनें ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी सतत सेवाभाव से कार्य करती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने सभी मितानिनों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी सेवाओं की सराहना की। ग्राम पंचायत खुटेरी में आयोजित यह समारोह समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सामुदायिक सहयोग की एक प्रेरणादायी मिसाल बना।

**जल संरक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर छुरा**

# मनरेगा की आजीविका डबरी बनी कमाई का स्थायी जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मनरेगा के तहत बनाई जा रही आजीविका डबरी अब ग्रामीण परिवारों के लिए जल संरक्षण से आगे बढ़कर कमाई का स्थायी जरिया बन गई है। वैज्ञानिक तरीके से चयनित इन जलस्त्रोतों ने गांवों में पानी की समस्या कम करने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने की नई दिशा दिखा दी है। जल प्रबंधन और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी मोर गांव-मोर पानी महाअभियान को मनरेगा का मजबूत सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में बनाई जा रही निजी आजीविका डबरी ने ग्रामीण हितग्राहियों को आत्मनिर्भरता की राह दिखाने का काम किया है। अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में डबरियों का निर्माण किया जा रहा है, ताकि एक ही संरचना से जल भराव, कृषि, मत्स्य पालन और सब्जी उत्पादन जैसे बहुआयामी लाभ ग्रामीणों तक पहुंच सकें। निजी डबरी निर्माण के लिए ग्राम सभाओं से प्राप्त प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जा रही है। निर्माण कार्यों में भौगोलिक इससे यह सुनिश्चित होता है कि डबरी में पर्याप्त जल भराव रहे और उससे जुड़ी आजीविका गतिविधियां सालभर सुचारू रूप से चल सकें। आजीविका डबरी मॉडल ने यह साबित किया है कि जल संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण एक-दूसरे के पूरक हैं। स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग से जनपद पंचायत छुरा ग्राम पंचायतो के ग्रामीण में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं । और यह प्रयास अन्य जनपदों के लिए भी प्रेरक मॉडल बनकर उभर रहा है। विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायत सारागांव निवासी नेहरू राम पिता रामचरण द्वारा कृषि भूमि पर 25×30×3 (मीटर) क्षेत्रफल में मछली पालन हेतु निजी ड़बरी का निर्माण मनरेगा अंतर्गत कराया गया है, जिससे वो आज आजीविका संवर्धन हेतु हितग्राही मछली पालन निस्तारी एवं सिंघड़ा की खेती, बाड़ी में सब्जियों की खेती कर सालाना 30-35 हजार की अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहा है।



### हितग्राहियों चयन कर स्थल चिन्हांकन किया जा रहा

जिसे उन्हे देखकर अन्य किसानों भी अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित हो रहे है। डबरी निर्माण के साथ हितग्राहियों को मछली पालन, फलदार पौधों की रोपाई और सब्जी बड़ी जेसे कार्यों के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है जिससे उनकी आय में कई गुना वृद्धि हो सके। मनरेगा अन्तर्गत आजीविका डबरी निर्माण के लिए सभी पंचायतों में पंचायत कर्मचारी एवं प्रतिनिधि, बिहान के दीदी के माध्यम से लगातार प्रचार प्रसार कर हितग्राहियों चयन कर स्थल चिन्हांकन किया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411